


फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

फरीदाबाद ,शनिवार 21 दिसंबर 2024

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष : 14 अंक : 353 Email : bhedinazardaily@gmail.com RNI NO. HAR/HIN/2011/43680 Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये

## हर दिन मंदिर-मस्जिद विवाद , ये सही नहीं

**● भागवत बोले-कुछ लोग सोचते हैं ऐसा करके हिंदुओं के नेता बन जाएंगे**

**पुणे (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता जताई। भागवत ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन जाएंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। भागवत बोले- भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। भागवत ने किसी का नाम लिए बिना कहा- ये स्वीकार नहीं पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत विश्वगुरु पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने ये बातें कहीं। उन्होंने किसी विशेष स्थान का नाम लिए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है। हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों में पहुंची हैं। हालांकि, भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत बोले- राम मंदिर इसलिए बना, क्योंकि वो आस्था से जुड़ा था भारतीय समाज की बहुलता पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं।




### संघ प्रमुख ने कहा-

**अब देश संविधान के अनुसार चलता है–** भागवत ने आगे कहा– बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए हैं और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आए, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। राम मंदिर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह तय किया गया था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों ने इसे भांप लिया और दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। तब से अलगाववाद की यह भावना अस्तित्व में आई। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अस्तित्व में आया। भागवत बोले– दूसरे देशों में अल्पसंख्यकों के साथ क्या हो रहा, सब देख रहे मोहन भागवत ने यह भी कहा कि भारत में अक्सर अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर चर्चा की जाती है। अब हम देख रहे हैं कि दूसरे देशों में अल्पसंख्यक समुदायों को किस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, संघ प्रमुख ने पड़ोसी बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा का कोई संदर्भ नहीं दिया, लेकिन संघ ने हाल के हफ्तों में शेख हसीना सरकार के हटने के बाद उस देश में हिंदुओं की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की है।

### संक्षिप्त समाचार

## पूर्व मुख्यमंत्री चौ.ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर दुख व्यक्त किया




**फरीदाबाद,भेदी नजर।** इनेलो सुप्रीमों और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने गहरा दुख व्यक्त किया है। किशन लाल बजाज ने कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी का निधन एक अपूरणीय क्षति है। वे पूरे देश के किसान–कमेरा वर्ग की आवाज थे। उन्होनें कहा कि ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम चौ.ओमप्रकाश चौटाला की देन है जिन्होनें हमेशा मृझे बजुगौ की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने प्रदेश और समाज की सेवा की और प्रदेश को नई ऊचाईयों पर लेकर गए। उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्यों की गहराई देश और हरियाणा की राजनीति में हमेशा याद की जाएगी। किशन लाल बजाज ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## संभल में सांसद जिया उर रहमान के घर चला बुलडोजर

### बिजली चोरी के केस के बाद नई मुसीबत में फंसे एसपी नेता

**संभल (एजेंसी)।** संभल में सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। प्रशासन ने घर के बाहर नाली के ऊपर बनी सीढ़ियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। हाल ही में उनके खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में केस भी दर्ज हुआ है। शुक्रवार को दीपा सराय स्थित समाजवादी पार्टी से सासंद जियाउर्रहमान बर्क के घर के



बाहर नगर पालिका के बुलडोजर ने दस्तक दी। यहां सासंद के घर के बाहर बनी सीढ़ियों पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। यहां बुलडोजर ने तोडफोड की वहीं अवैध निर्माण के आरोप में जिला प्रशासन की तरफ से पहले ही उन्हें नोटिस थमाया जा चुका है। इस पर सासंद के वकील की तरफ से एक माह के समय की मांग की गई थी। इसी दौरान अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सासंद की सीढियां ध्वस्त कर दी गई। इस तरह, जहां एक तरफ आज जुमे की नमाज की तैयारी चल रही थी वहीं दूसरी तरफ बुलडोजर एक्शन जारी है। संभल पिछले कई दिनों से चर्चा में है।

## जयपुर में एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 11 लोग जिंदा जले

### 40 गाड़ियों में लगी आग, 33 से ज्यादा लोग झुलसे

### 200 मीटर का इलाका बना आग का गोला,हाहाकार





**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में शुक्रवार सुबह अजमेर हाईवे पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने एलपीजी गैस से भरे टैंकर में धमाका हो गया। हादसे में 11 लोग जिंदा जल गए और 33 लोग झुलस गए हैं। गैस टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी। इससे टैंकर से गैस का रिसाव हुआ, जो 200 मीटर तक फैल गई, जिसने अचानक आग पकड़ ली। धीरे-धीरे एक किलोमीटर तक यह आग फैल गई। जानकारी के अनुसार टैंकर सुबह करीब अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था। सुबह करीब 5.44 मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वह वापस अजमेर की ओर यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान जयपुर से आ रहा ट्रक टैंकर से भिड़ गया। इसके साथ ही पूरा इलाका आग का गोला बन गया। 40 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। कई से लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। इसके बाद हाईवे बंद कर दिया गया। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई। जयपुर डीएम जितेंद्र सोनी ने कहा कि घटना में लोगों की मौत हो गई है। करीब 40 वाहन आग की चपेट में आ गए। फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई हैं। राहत कार्य जारी है। आग बुझा 4 दी गई है और अब सिर्फ 1-2 वाहन ही बचे हैं। घटना में करीब 23-24 लोग घायल हुए हैं।

## हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बड़े बेटे अजय और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे।

वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। उधर, सिरसा के गांव तेजा खेड़ा में उनके फार्म हाउस पर सन्नाटा छाया हुआ है। यहां पर कल दोपहर 3 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। आज शाम तक पूर्व सीएम का पार्थिव शरीर सिरसा स्थित उनके पैतृक गांव चौटाला लाया जाएगा।

यहां कल सुबह 8 से 2 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को तेजा खेड़ा लाया जाएगा। चौटाला हार्ट और डायबिटीज समेत कई बीमारियों से ग्रस्त थे।

## प्रियंका की बैग पॉलिटिक्स में अब 1984 की एंट्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार के संसद सत्र में अपने बैग्स को लेकर चर्चा में रहीं सांसद प्रियंका गांधी के साथ एक अजीबव वाक्या हुआ। संसद परिसर के अंदर उन्हें बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने एक बैग गिफ्ट किया जिसमें 1984 लिखा हुआ था। अपराजिता सांरगी ने बताया कि पहले तो उन्होंने इस बैग को लेने में हिचकिचाहट दिखाई, लेकिन बाद में उन्होंने ले लिया और अपने पास छुपा लिया। बता दें कि साल 1984 में कांग्रेस के ही राज में सिख दंगे हुए थे,जिसे लेकर अक्सर बीजेपी उसे कटघरे में खड़ी करती रहती है। आज संसद सत्र का आखिरी दिन था। सभी सांसदों की तरह वायनाड सांसद प्रियंका गांधी भी संसद परिसर के अंदर थीं। जैसे ही वह संसद के गलियारे में पहुंचीं, पीछे से भुवनेश्वर सीट से बीजेपी सांसद अपराजिता सांरगी पहुंचीं। उन्होंने आगे चल रहीं प्रिंयका को एक बैग थमाया। उस बैग में खून से 1984 लिखा हुआ था। पहले तो प्रिंयका इसे लेने में हिचकिचाईं, फिर इसे लेकर छिपा लिया।



- बीजेपी सांसद अपराजिता सांरगी ने प्रियंका को गिफ्ट में दिया बैग
- इसमें 'खून से 1984' लिखा हुआ था, सिख दंगों की ओर इशारा

## सनातन ने सबको दी शरण, फिर भी मंदिरों को बनाया गया निशाना

- सीएम योगी बोले-अयोध्या, संभल और भोजपुर में तोड़े गए मंदिर
- सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, हर समय हिंदू मंदिरों पर आघात



**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संभल मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हर काल में हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया। हर समय हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। सनातन ने सबको शरण दी। इसके बावजूद यह धर्म हर किसी के निशाने पर रहा। उन्होंने कहा कि अयोध्या, संभल और भोजपुर में मंदिर तोड़े गए। सीएम योगी अयोध्या धाम में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ, पंच नारायण महायज्ञ कार्यक्रम में भाग लेने के बाद संबोधन में अपनी बात रखी। दरअसल, पिछले दिनों संभल और भोजपुर का मामला खासा गरमाया रहा है। संभल में शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा भड़की थी। इसमें पांच लोग मारे गए। इसके बाद योगी सरकार ने कड़ा ऐक्शन लिया है। लगातार वहां प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। बुलडोजर एक्शन से लेकर बिजली चोरी तक के मामले की जांच चल रही है। इस बीच अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह बड़ा बयान देकर एक नई बहस शुरू कर दी है।

### भारी विवाद के बीच संसद का शीतकालीन सत्र खत्म

## कुल 20 बैठकें हुई, मात्र 105 घंटे ही चल पाई कार्यवाही

- अडाणी-मणिपुर और अंबेडकर के मुद्दे पर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 54 फीसदी, राज्यसभा में 41 फीसदी रही। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए। हालांकि, कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा। इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कमेटी को संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन लोकसभा में रिपोर्ट देनी होगी। सत्र की शुरुआत अडाणी मुद्दे पर हंगामे से हुई। फिर विपक्षी सांसदों ने मणिपुर और किसानों का मुद्दा भी उठाया।



## ब्रिक्स को लेकर जयशंकर ने ठीक कहा था, हम किसी के खिलाफ नहीं

- राष्ट्रपति पुतिन बोले-यूक्रेन जंग रोकने पर ट्रम्प से बात करने को तैयार



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को साल 2024 के आखिरी संबोधन में 3 घंटे 17 मिनट तक जनता के सवालों के जवाब दिए। इसमें उनसे यूक्रेन जंग के अलावा, ब्रिक्स, सीरिया, इकोनॉमी, महंगाई जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए थे। ब्रिक्स को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने एस जयशंकर का नाम लिया। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स किसी के खिलाफ काम नहीं कर रहा है। हम सिर्फ अपनी भलाई और संगठन के हित के लिए काम करते हैं। हम हम किसी भी तरह का एजेंडा नहीं चला रहे हैं। भारत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे सबसे अच्छे तरीके से कहा था कि ब्रिक्स पश्चिमी विरोधी नहीं है। बस इसमें पश्चिम (देश) शामिल नहीं है। पुतिन ने यह भी कहा कि वे यूक्रेन जंग को रोकने के लिए तैयार हैं। इसके लिए वे ट्रम्प से बातचीत करने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि उनके बीच चार साल से भी ज्यादा वक्त से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन अगर ट्रम्प चाहें तो वे उनसे मिलने को तैयार हैं। पुतिन बोले- हमारी ओरेशनिक मिसाइलों का कोई मुकाबला नहीं पुतिन ने 'ओरेशनिक मिसाइल' की तारीफ करते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के पास इसका कोई तोड़ नहीं है। पश्चिमी देश चाहकर भी इसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं क्योंकि उनके पास इसे रोकने की तकनीक ही नहीं है। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 21 नवंबर को इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'ओरेशनिक' की टेस्टिंग की थी। यह 3 किमी प्रति सेकेंड की रफ्तार से टारगेट पर हमला करता है।

